
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
Rani Durgavati Vishwavidyalaya
(Formerly, University of Jabalpur)
(NAAC Accredited Grade "B" University)
सरस्वती विहार, पचपेढ़ी, जबलपुर–482001 (म.प्र.)
Saraswati Vihar, Pachpedi, Jabalpur-482001 (M.P.)

# Reports of the Event

**TB Awareness Programme**

TB awareness program was conducted with the cooperation of the Victoria Hospital, Jabalpur. All the students of the university were participated in the program. The program was inaugurated by the Vice Chancellor Professor Kapil Deo Mishra.



## Mehandi competition:

The mehndi competition was organized by the National Service Scheme Open Unit Rani Durgavati University, Jabalpur on 10 August 2022 under the Har Ghar Tiranga and Amrit Mahotsav at Rani Durgavati University, Jabalpur.



### मेहंदी रचाकर तिरंगे के प्रति किया जागरूक

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संवाद कार्यक्रम, तिरंगा रैली, तिरंगा मार्च, नारा लेखन, चित्रकला का आयोजन किया गया और इसी क्रम में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. देवांशु गौतम, प्रो. अशोक कुमार मराठे, डॉ देवांशु गौतम, सुबेन्दु मन्ना, सुयश श्रीवास्तव, अमित शिवहरे आदि सक्रिय रहे।

## Tiranga Padayatra:

The Tiranga Padayatra was organized from Mahakoshal Mahavidyalaya, Jabalpur to Rani Durgavati University, Jabalpur on 10 August 2022 by the National Service Scheme, Rani Durgavati University, Jabalpur.

TheHitavada

CityLine TheHitavada EXCLUSIVE FOR THE READERS IN JABALPUR

THURSDAY, August 11, 2022

# Five-day long ‘Tiranga Mahayatra’ awareness rally concludes in city

■ Staff Reporter

THE five-day long ‘Tiranga Mahayatra’ awareness rally concluded on Wednesday with taking out awareness rally from Government Mahakaushal Arts and Commerce College. This grand rally began from August 5 with the aim of promoting the Har Ghar Tiranga Abhiyan in the city.

Principal Professor A.C Tiwari flagged off the rally from college premises under the leadership of Programme Coordinator and Programme Officer Open Unit Dr Devanshu Gautam and Programme Assistant Coordinator and Programme Officer UTD Dr Shailesh Prasad. The rally concluded at premises of Rani Durgavati University where College Principal Professor A.C Tiwari and Dr Arun Shukla handed over the National Flag to Vice Chancellor Professor Kapil Deo Mishra, Additional Director Higher Education Department Dr Leela Bhallavi, NSS Programme Coordinator Professor Ashok Kumar Marathe for systematic concluding of programme.

It may be noted that during this five days long ‘Tiranga Mahayatra’, over 25000 people were made aware about ‘Har Ghar Tiranga Abhiyan’. This grand awareness rally has been conducted under the directions of Government of India Youth Programme and Ministry of Sports Madhya Pradesh Government and under the guidance of Rani Durgavati University Jabalpur NSS Open Unit and UTD NSS Unit RDU Vice Chancellor Professor Mishra and Programme Coordinator Professor Ashok Marathe. During this awareness rally, NSS volunteers under the leadership of Programme Coordinator Dr Devanshu Gautam and Programme Assistant Coordinator Dr Shailesh Prasad took this campaign at different areas of city, schools, colleges and all the religious places.

Vice Chancellor Professor Kapil Deo Mishra encouraged everyone to contribute in the Azadi Ka Amrut Mahotsav with devoting themselves towards the nation. Professor Marathe extended vote of thanks. The grand programme concluded with singing National Anthem.



NSS volunteers taking out awareness rally under Tiranga Mahayatra.

**Rally program:**

The lecture series and rally program on 5 August 2022 were organized in the Physical Education Department under the Har Ghar Tiranga campaign by joint sponsorship of the National Service Scheme Open Unit and the Department of Physical Education, Rani Durgavati University, Jabalpur.



भिंड नाइट

समाचार पत्र की पंजीयन संख्या 56414/1993
डाक पंजीयन : एल 4/ एन पी/ भिंडनाइट/14/दैनिक/2019-2021
Email:- bhindnight@rediffmail.com
आफिस- 9425867456 9893407151
वर्ष- 31 अंक- 87 | जबलपुर, रविवार दिनांक 07 अगस्त 2022 | डाक संस्करण, सोमवार दिनांक 08 अगस्त 2022 | पृष्ठ-8 मूल्य- 1.00

## एन. एस. एस. स्वयंसेवकों ने संभाली हर घर तिरंगा अभियान की कमान

जबलपुर, 7 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार ने देश के 75 व आजादी वर्ष में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम की शुरुआत की जिसके अंतर्गत भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल एवं मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश की राष्ट्रीय सेवा योजना ओपन यूनिट एवं यू टी डी की इकाई के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान अभियान में कुछ नया करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों जैसे सार्वजनिक स्थान, कॉलेज, स्कूल व समस्त धार्मिक स्थलों में जाकर हर घर तिरंगा अभियान के प्रति, नगर वासियों छात्र-छात्राओं और युवाओं को जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ. कपिल देव मिश्र एवं कुलसचिव प्रोफ. बृजेश सिंह तथा कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस प्रोफ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय व कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ शैलेश प्रसाद कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस यूटीडी के नेतृत्व में यह आयोजन 05 अगस्त से अनवरत रूप से चल रहा है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशांत चपेकार, अरविंद लोधी, सुबेन्दु मन्ना, अमित शिवहरे, सुयश श्रीवास्तव, मोहम्मद हसनैन बेग, आँचल मिश्रा, दीक्षा वर्मा, अभिलाषा चौधरी, मीनाक्षी गौतम, मौसमी गौतम, लक्ष्मी रजक, कन्हैया चौधरी, निखिल गुप्ता, स्नेह पटेल, सौरव सेन, अम्बिका चौकसे, प्रियांशु कोष्ठा, हिसाद कौसर, मोनू कुशवाहा, मरियम मुस्कान, साक्षी नामदेव, आँचल श्रीवास्तव, शिखा विश्वकर्मा, दिव्या सिंह, शिवानी पटेल सहित रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की मुक्त इकाई, यूटीडी श्रीजानकीरमन महाविद्यालय जे सी सी कॉलेज शास. मानकुवंर बाई महिला महाविद्यालय, शास. होम साइंस महिला महाविद्यालय एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय के स्वयंसेवकों व अधिकारियों की नें सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।

## Human chain formation:

Under the Har Ghar Tiranga campaign, a lecture series, human chain formation and rally program was organized on 27 July 2022 at Vigyan Bhawan of National Service Scheme, Rani Durgavati University, Jabalpur.

## Smoking Awareness program:

On World Smoking Day, 31 May 2021, No Smoking Pledge and Poster Competition was organized at Rani Durgavati University, Jabalpur.

## Plantation Program:

A tree plantation program organized by National Service Scheme Rani Durgavati University on 8 July 2022 on the completion of one year tenure of Madhya Pradesh Governor Shri Mangubhai Patel.

## Voter awareness Program:

Voter awareness oath, human chain formation, face painting, rally, lecture series program was organized by National Service Scheme Rani Durgavati University, Jabalpur on 5 July 2022. Professor Brijesh Singh, Registrar of the university presented the oath of Voter awareness. Dr Ashok Marathe and Dr. Devanshu Gautam and many more NSS volunteer were present


जबलपुर
बुधवार, 06 जुलाई 2022
(आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 2079)

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर


# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने निष्पक्ष मतदान की ली शपथ




**जबलपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

मध्यप्रदेश में होने वाले आगामी चुनावों के सम्बन्ध में रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई द्वारा मतदान जागरूकता सम्बंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किये गए। कुलसचिव प्रो. ब्रजेश सिंह ने मतदान जागरूकता की शपथ दिलाते हुए छात्र-छात्राओं को 6 जुलाई के मतदान में सहभागिता हेतु प्रोत्साहित किया और कहा की लोकतंत्र में मतदान जितना अधिक होगा, लोकतंत्र उतना ही अधिक मजबूत होगा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष मतदान के लिए आम-जन मानस को प्रेरित करना रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, डॉ. शैलेश प्रसाद के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों ने मतदान जागरूकता फेस पेंटिंग, रैली निकली। मतदान जागरूकता कार्यक्रम में व्याख्यान, जागरूकता रैली, मानव श्रंखला निर्माण, मतदान जागरूकता नारे लगाए गए। इस मौके पर स्वयंसेवकों में पीयूष केशरवानी, मोहम्मद हसनैन बेग, अमित शिवहरे, सुयश श्रीवास्तव, अभिलाषा चौधरी, अनुश्री श्रीवास्तव अंकित लखेरा, निखिल कुमार गुप्ता, प्रांजल गोल्हानी, शिवानी रजक, शिवानी गुप्ता, नम्रता तिवारी, मधु पटेल, विष्णु कुशवाहा सहित अन्य की उपस्थिती रही।

## 1-day cleanliness workshop:

As per the instructions of the Government of India, Ministry of Youth Affairs and Sports, Regional Directorate, Bhopal, a 1-day cleanliness workshop was organized at Rani Durgavati University, Jabalpur on 17 June 2022 on the topic of Clean India and Healthy Mind.

The Hitavada CityLine
EXCLUSIVE FOR THE READERS IN JABALPUR
MONDAY, June 20, 2022

### 300 NSS volunteers from 8 distts attend cleanliness workshop

■ Staff Reporter



NSS volunteers carrying out cleanliness activities during day-long events.

MORE than 300 NSS volunteers from 8 districts under the periphery of Rani Durgavati University (RDU) attended day-long Cleanliness Workshop on 'Swachh Bharat Swastha Manas' on Saturday. The workshop was organised by NSS Open Unit, Rani Durgavati University (RDU) as per directives issued by Regional Directorate, Ministry of Youth Affairs and Sports, Government of India to build up health mentality to involve cleanliness and hygiene in daily routine.

The event was organised in four phases during first phase of which, registration and distribution of kits among volunteers was done.

Second phase was inaugurated with lighting of lamps infront of portraits of Maa Saraswati and Swami Vivekananda in presence of incharge Vice-chancellor, Rani Durgavati University, Professor Rakesh Bajpai, Ved Prakash (IAS) former Collector, Narsinghpur as chief guest while Deependra Upadhayay, Youth Officer, Regional Directorate, Government of India was present as special guest.

Programme Coordinator, NSS RDU, Professor Ashok Marathe and NSS Programme Officer, Dr Devanshu Gautam were present as Programme Convener and Programme Co-ordinator, respectively. Discussing about Swachh Bharat, IAS Ved Prakash explained volunteers how they can maintain cleanliness in their surroundings to develop a healthy, pollution free and green atmosphere. He said that by making small changes in life anyone can create huge positive difference in life. Explaining about target fixed by Ministry of Youth Affairs and Sports, GoI, Youth Officer, Upadhayay talked in length how social media can be used to create public awareness about environment related activities. Presiding over the programme, Incharge Vice-chancellor, Professor Bajpai appreciated hard efforts made by NSS volunteers of the University to create public awareness for cleanliness, education, health and other social activities. He appealed everyone to be focused and determined to promote cleanliness related activities across the country.

The third phase was marked with a cleanliness awareness rally carried out from the University campus through moved throughout Civil Lines area. The programme ended with distribution of certificates before national anthem.

सच कहने का साहस और सलीका
जबलपुर
रविवार, 19 जून 2022
राज एक्सप्रेस
■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर
राज एक्सप्रेस | महानगर
रविवार, 19 जून 2022
www.rajexpress.co
3 जबलपुर

### 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ मानस' को पूर्ण करने जागरुकता जरूरी

#### आरडीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ, प्रदूषण मुक्त एवं हरा भरा करने तथा अपनी जीवनशैली में परिवर्तन से, स्वच्छ भारत, स्वस्थ्य मानस की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

इसके लिए लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। उक्त संदेश अतिथियों ने रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला के दौरान दिये। भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार आरडीयू में स्वच्छ भारत व स्वस्थ मानस विषय पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ प्रभारी कुलपति प्रो. राकेश बाजपेई, मुख्य अतिथि पूर्व कलेक्टर वेद प्रकाश, विशिष्ट अतिथि दीपेंद्र उपाध्याय युवा अधिकारी भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय भोपाल, कार्यक्रम संयोजक व आरडीयू कार्यक्रम समन्वयक एनएसडूएस प्रो. अशोक कुमार मराठे तथा कार्यक्रम अधिकारी ओपन यूनिट एनएसएस आरडीयू देवांशु गौतम की मौजूदगी में हुआ। कार्यशाला में आरडीयू परिक्षेत्र अंतर्गत 8 जिलों के 300 से अधिक स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम अधिकारियों ने सहभागिता की।

#### विविध कार्यक्रमों का आयोजन

आरडीयू में एनएसएस के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन चार चरणों में किया गया। जिसमें प्रथम चरण में पंजीयन एवं किट वितरण, द्वितीय चरण में उद्घाटन सत्र, तृतीय चरण में श्रमदान, रैली एवं मानव श्रृंखला का निर्माण तथा चतुर्थ चरण में स्वच्छता संवाद संवाद कार्यक्रम, शपथ कार्यक्रम के आयोजन हुए। कार्यक्रम के अंतिम चरण संवाद कार्यक्रम शपथ कार्यक्रम एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता आरडीयू अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. विवेक मिश्रा, दीपेंद्र उपाध्याय युवा अधिकारी कार्यालय एवं विवेक मिश्रा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता शपथ दिलाई। संचालन डॉ देवांशु गौतम व आभार प्रदर्शन प्रो. अशोक कुमार मराठे के द्वारा किया।

#### इनकी रही मौजूदगी

आयोजन में विभिन्न जिलों के छात्र-छात्राओं के साथ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों में डॉ. दुलेश्वरी टेम्भरे, डॉ. रचना सांचा, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. रश्मि चौबे, प्रो. रविन्द्र नाफ्डे, डॉ अरुणा, प्रदीप सेन, डॉ. आशीष ठाकुर व एनएसएस के प्रशांत कुमार चापेकर, अरविंद लोधी, रोशन प्रजापति, सुबेन्दू मन्ना, सुयश श्रीवास्तव, अमित शिवहरे, अंकित लखेरा, हसनैन बेग, निखिल गुप्ता, आयुषी दहिया, दीक्षा वर्मा, शिखा पाराशर, भगवान दास साहू, राहुल पटले, गणेश प्रजापति, श्रीराम, बलराम उइके, सतपाल पंद्राम व चंचलेश डेहरिया आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा।






## Plantation campaign:

Under the 75th Amrit Mahotsav of Independence, a plantation campaign was organized by the volunteers of National Service Scheme Rani Durgavati University, Jabalpur in the Vikram Sarabhai Bhawan campus of Rani Durgavati University on the occasion of World Blood Donor Day on 14 June 2022.

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# हर घर तिरंगा




## राष्ट्रीय सेवा योजना ( एन एस एस )

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

दैनिक भास्कर
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार
जबलपुर गुरुवार 20 अक्टूबर, 2022
City भास्कर जबलपुर,

## NEWS BRIEF

# विद्यार्थियों ने चलाया पॉलीथिन मुक्त अभियान

**जबलपुर**| छात्र - छात्राओं ने पॉलीथिन मुक्त अभियान के अंतर्गत 175 किलो प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित किया। स्टूडेंट्स ने सिविक सेंटर, मढ़ाताल, करमचंद चौक, मालवीय चौक, तीन पत्ती - महाराणा प्रताप चौक, गोल बाजार, यातायात थाना के सामने का परिसर, डी एन जैन कॉलेज परिसर आदि स्थानों में स्वच्छता श्रमदान दिया। अवसर था स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम के अंतिम चरण में स्वच्छ भारत अभियान 2.0 कार्यक्रम के अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय मेगा क्लीनलीनेस ड्राइव का। जहाँ विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया । मुख्य अतिथि कुलपति रादुविवि प्रो. कपिल देव मिश्र ने प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक प्रो. अशोक कुमार मराठे एवं माता गुजरी महिला महाविद्यालय की डॉ. संगीता झाम ने फिट इंडिया फ्रीडम रन को हरी झंडी दिखाई। संचालन डॉ. देवांशु गौतम ने किया।

य एषु सुप्तेषु जागर्ति
पृष्ठ 20 | ₹4.50
जबलपुर, गुरुवार, 20 अक्टूबर, 2022
कार्तिक कृष्ण पक्ष दशमी संवत् 2079
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु,पश्चिम बंगाल दिल्ली से प्रकाशित

पत्रिका

पत्रिका plus

Jabalpur. Thursday 20/10/2022 patrika.com/entertainment

run 2.0

### रादुविवि की स्वयंसेवक ईकाई द्वारा क्लीनिंग ड्राइव का आयोजन

# फिट इंडिया फ्रीडम रन में कलेक्ट किया पॉलिथिन वेस्ट

पत्रिका plus रिपोर्टर


पंजीयन के लिए एकत्रित स्वयंसेवकों को दिलाई गई शपथ।

**जबलपुर.** युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छ भारत 2.0 अभियान के अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा एक दिवसीय मेगा क्लीनिंग ड्राइव का आयोजन किया गया। आयोजन विभिन्न चरणों में हुआ।

माता गुजरी कॉलेज में पंजीयन के बाद सभी को रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। दूसरे चरण में फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन हुआ। पॉलिथिन मुक्त अभियान के अंतर्गत पॉलिथिन वेस्ट एकत्रित किया गया। इस दौरान सिविक सेंटर, मढ़ाताल, करमचंद चौक, मालवीय चौक, गोलबाजार आदि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रो. अशोक कुमार मराठे, संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, उप प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब, डॉ. अरुणा, डॉ. मनजीत कौर साहनी, डॉ. शिवचंद वलके, डॉ. प्रियंका साहू आदि उपस्थित थीं।

## Fit India Cycle Rally Program:

Fit India Cycle Rally was organized on June 3, 2022, on the occasion of World Bicycle Day, under the joint aegis of National Service Scheme, Rani Durgavati University, Jabalpur and Smart City Limited, Jabalpur. A cycle rally was organized starting from Rani Durgavati University, Jabalpur till Dumna Nature Park.






# 2020-21

## Corona Vaccination Program:

On 17 September 2021, the 6th Corona Vaccine Camp organized at Rani Durgavati University, Jabalpur under the joint auspices of the University's Vaidehi Health Center and Radu University Free Unit.

7 June 2021 First Vaccine Camp, 24 June 2021 Second Vaccine Camp, 26 July 2021 Third Vaccine Camp, 25-26 August Fourth and Fifth Vaccine Camp 2021

## Plantation Program:

On World Environment Day, 5 June 2021, Environment Protection Pledge and Tree Plantation Program has been organized at the National Service Scheme Office, Rani Durgavati University, Jabalpur campus.



## Corona Awareness Program:

Poster making competition was organized under the leadership of free unit NSS on the topic of Corona Awareness at Rani Durgavati University, Jabalpur from 13 to 19 May 2021. Around 50 Students were participated.






### 100 % Covid vaccination Program

On March 29, 2021, under the Tika Utsav, a program organized by Rani Durgavati University National Service Scheme Free Unit, “We have decided to do 100 percent vaccination”, NSS conducted a campaign in village Deori Patpara, in which we toured the

entire village door to door. He went and advised people to get vaccinated and also cleared the misconceptions about vaccination and gave the message of maintaining proper distance. Around 50 Students were participated.



नईदुनिया


जबलपुर, शुक्रवार 09 अक्टूबर, 2020

सिटी लाइव


# एनएसएस स्वयंसेवकों ने ली कोरोना वायरस जागरूकता शपथ

एनएसएस स्वयंसेवी कोरोना वायरस से लड़ने की शपथ लेते हुए। ● नईदुनिया

**जबलपुर (नईदुनिया रिपोर्टर)।** प्रधानमंत्री कार्यालय व युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ में स्वयंसेवक, छात्रों, कर्मचारी व अधिकारियों ने कोरोना वायरस जागरूकता संबंधित शपथ ली। आयोजन के प्रथम चरण में कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस प्रो. अशोक कुमार मराठे द्वारा समस्त उपस्थितों को शपथ दिलाई गई। जिसमें उन्होंने स्वयं तथा सभी के साथ आह्वान किया कि वे कोरोना संबंधी आचार व्यवहार का अनुसरण करते हुए औरों को भी इसके प्रति जागरूक व प्रोत्साहित करेंगे। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर सदैव मास्क लगाकर, फेस कवर रखेंगे तथा औरों से दो गज की दूरी बना कर रखेंगे। समय-समय पर नियमित रूप से अपने हाथों को धोएंगे। उसके बाद कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कार्यक्रम संचालक डॉ. देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट, रादुविवि द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। शपथ कार्यक्रम के दौरान जमुना मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र पटेल, संजय कुमार, नवाब सिंह, प्रशांत कुमार चापेकर, सुवेंदु मन्ना, अरविंद लोधी, सुयश श्रीवास्तव, नूर मोहम्मद आदि उपस्थित थे।




जिला मंडला की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
की ओर से सभी देशवासियों से विनम्र आग्रह
हम सब ने यह ठाना है
कोरोना दूर भगाना है
हम तैयार हैं
अब हमे मिला एक और सुरक्षा कवच।
आएं, कोविड-19 टीकाकरण अभियान के साथ जुड़ें।
मास्क नहीं तो टोकेंगे | कोरोना को रोकेंगे
मैं कोरोना वालेंटियर
मास्क नहीं तो टोकेंगे
कोरोना को रोकेंगे
2 गज की दूरी,
हम सबके लिए ज़रूरी
बदलकर अपना व्यवहार, करें कोरोना पर वार
मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर







## Blood Donation camp:

On 23 March 2021, donated blood in the blood bank of District Hospital of Mandla district, also inspired 60 youth, as a result 30 volunteers donated blood.



## Child Labour Awareness Program :

On 05 February 2021, “Stop Child Labour” wall painting was done on the wall of the office on the topic of stopping child labour in the office of National Service Scheme of Rani Durgavati University, Jabalpur. Vice Chancellor Prof. Kapil Dev Mishra, Dr. Ashok Marathe and NSS volunteers were present in the program volunteers.

## Aids Awareness Program

On the occasion of World AIDS Day on 01 December 2020, an online webinar organized by the National Service Scheme Unit of Rani Durgavati University in which volunteers from 8 districts participated, Vice Chancellor Prof. Kapil Dev Mishra provided information about AIDS to the volunteers.

# रेड रिबन क्लब
# राष्ट्रीय सेवा योजना
# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

द्वारा

# "विश्व एड्स दिवस"

## के अवसर पर युवाओं से संवाद के उद्देश्य से

# "एड्स जागरूकता संगोष्ठी कार्यक्रम"



अध्यक्ष एवं संरक्षक
**प्रोफ. कपिल देव मिश्र**
कुलपति
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)



मुख्य अतिथि
**डॉ. रत्नेश कुररिया**
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
जबलपुर, मध्यप्रदेश



विषय विशेषज्ञ
**डॉ. अमिता सक्सेना**
वरिष्ठ चिकित्सक
प्रसूति और स्त्री रोग
जबलपुर



मार्गदर्शन
**प्रोफ. अशोक कुमार मराठे**
कार्यक्रम समन्वयक-एनएसएस
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)




संयोजक
**डॉ. देवांशु गौतम**
कार्यक्रम अधिकारी-एनएसएस
मुक्त इकाई, रानी दुर्गावती
विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

**दिनांक – 01 दिसम्बर 2020 समय – दोपहर 02:00 बजे**

**वर्चुअल प्लेटफार्म – Google Meet**

**वर्चुअल प्लेटफार्म – https://meet.google.com/icn-qpsd-pij**




A webinar organized on National Constitution Day on 26 November 2020 at Rani Durgavati University, Jabalpur, Madhya Pradesh.


राष्ट्रीय संविधान दिवस
26 नवम्बर



## तालाबों का गहरीकरण व किया सौंदर्यीकरण, जल के लिए जागरुक करने हाथों में लगाई मेहंदी

**कटनी.** राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई कटनी द्वारा डॉ. देवांशु गौतम एवं निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल बचाओ कल बचाओ अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत ग्राम मझगवां फाटक टीम वोलेंटियर्स सीमा कुशवाहा, वर्षा कोरी ओर नीलेश कुमार के द्वारा गांव में जलसंरक्षण के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। वोलेंटियर्स के द्वारा बच्चों और ग्रामीणों की टीम के साथ तालाब में श्रमदान किया गया। जिसमे तालाब के आस पास के कचरे को एकत्र किया गया एवं आस पास लगी खरपतवार





एवं गंदगी को अलग किया गया । वालेंटियर्स के द्वारा बरसात के पूर्व जल स्त्रोतों ओर तालाबों का गहरीकरण एवं सौन्दरिकरण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही गांव में लोगो को मेहंदी लगा कर जल बचाने के लिए प्रेरित किया एवं जल की महत्ता ग्रामीणों को बताई। ग्राम पिलौंजी पिपरहटा टीम वोलेंटियर्स दीपेश पटेरिया, अरविंद सेन एवं अशोक चौहान के द्वारा गांव में घर-घर जा कर ग्रामीणों को एकत्र किया गया एवं गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल लगाने का मुख्यउद्देश्य लोगों से जलसंरक्षण के लिए उनके विचार का आदान प्रदान करना था। साथ ही वोलेंटियर्स द्वारा ग्रामीणों ओर बच्चो को जलसंरक्षण से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान की गई। बुजुर्गो से जल के संबंध में चर्चा की गई। पूर्व के आंकड़े एकत्र किए। साथ ही बच्चों से जागरूकता के संबंध में प्रश्न पूछे गए ओर उन्हें जल बचाने के लिए वोलेंटियर्स द्वारा प्रेरित किया गया।

---

**अभियान** | वालिंटियर्स द्वारा गांव-गांव दस्तक देकर लोगों को बताया जा रहा पानी का महत्व

# मिल-जुल कर जल बचाएंगे, भविष्य सुनहरा बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज, कटनी

जल बचाओ कल बचाओ अभियान के अंतर्गत प्रथम टीम द्वारा ग्राम मझगवां का भ्रमण शिवम बुनकर एवं राकेश कुशवाहा द्वारा किया गया एवं ग्राम सरपंच श्रीमती दुईजी बाई पति हरकेश चौधरी एवं सचिव बलदाऊ त्रिपाठी से जल संरक्षण हेतु चर्चा की एवं ऐसी योजना बनाई की जितने भी जल के स्त्रोत है जिनसे पानी अनवश्यकरूप से बह रहा है उनको बन्द करने की व्यवस्था की जाएगी जल की बूंद बूंद को संरक्षित करने का कार्य वोलेंटियर्स करेंगे साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा की एवं जागरूकता अभियान हेतु रूपरेखा तैयार की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई द्वारा डॉ अशोक मराठे, देवांशु गौतम के मार्गदर्शन में अभियान चलाया जा रहा है।







द्वितीय टीम द्वारा ग्राम मढ़ई में साक्षी सोनिया राहुल चौधरी द्वारा घर घर जा कर लोगो को जागरूक किया कि जिस तालाब में सभी गांव का पूरा कचरा एवं खाने की खराब सामग्री फेकते है उस तालाब को किस प्रकार सुंदर एवं स्वच्छ बनाया जाए ये योजना ग्रामवाशियो को बताई साथ ही लोगो से सहयोग मांगा की सब मिल कर श्रमदान करेंगे और तालाब को स्वच्छ बनाएंगे एवं वोलेंटियर्स ने बताया कि तालाब की स्वछता एवं गहरीकरण का कार्य बरसात के पूर्व कर लिया जाएगा इसी के साथ ग्राम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रूपा बर्मन से वोलेंटियर्स ने चर्चा की ओर लोगो को जागरूक करने एवं समस्त जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने हेतु कार्ययोजना बनाई जिसमे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है।

ग्राम जुहली में देवेंद्र कुमार एवं शिवम तिवारी ने जल बचाओ कल बचाओ अभियान के अंतर्गत गांव में घर घर जा कर लोगो से बातचीत की ओर बताया कि जल संकट से किस प्रकार बचा जा सकता है एवं जल बचाने हेतु उपाय बताए एवं वर्षा जल संग्रहण हेतु जागरूक किया साथ ही घर घर मे जल संरक्षण हेतु पर्चे बांटे एवं घरो की दीवारों में चस्पा किया साथ ही जागरूकता अभियान के तहत वोलेंटियर्स ने गांव की दीवारों में जल संरक्षण हेतु नारे लिख लोगो को जागरूक किया।

# NSS, RDU to collect funds for Kerala flood victims

■ Staff Reporter

TO ENSURE their contribution to provide some relief to the Kerala flood vitims, NSS Open Unit, Rani Durgavati University (RDU) has initiated a 'Helping Hands Collection Drive' with the banner 'NSS with Kerala' and 'Jabalpur is with Kerala'.

The campaign is being conducted under the leadership of NSS Programme Officer, Dr Devanshu Gautam with co-ordination of Ambika Dwivedi, Suyash Shrivastava, Prashant Chapekar, Roshan Prajapati and other volunteers.

All these volunteers on Monday visited different departments of the university to collect funds to be provided to the victims of Kerala flood. At the onset of their campaign, the volunteers visited the office of Vice-chancellor where both the Vice-chancellor and Registrar happily dropped their shares of monetary contribution in the collection box. Later on they visited the offices of Professor Ashok Marathe, programme co-ordinator, NSS, Examination Controller, Dr Rakesh Bajpai, Assistant Examination Controller, Deepesh Mishra, Vinod Jaroliya, Additional Director, Higher Education, Jabalpur Division, Dr K L Jain and other places like Rajshekhar Bhavan, university canteen and market to collect relief fund.

The group will also visit other places on Tuesday to provide opportunity to people to display their support to the flood victims.

They will also make efforts to connect common public with their campaign through social media including Facebook and Whatsapp. The fund being collected will be dispatched to the flood victim through Regional Director, NSS.



NSS volunteers collect relief fund for Kerala at VC office.

## RDU to organise 'Ek Sham Kerala Baadh Peediton Ke Naam'

RANI Durgavati Vishwavidyalay (RDU) Chatra Parishad will organise 'Ek Sham Kerala Baadh Peediton ke Naam' to collect relief fund at Malviya Chowk between 7.00 pm and 9.00 pm.

Earlier also, the Parishad had collected Rs 21,000 for Chennai flood relief.

Convenor of Chatra Parishad and other office-bearers have appealed local residents to ensure their participation to make the programme successful.

With monetary support, the volunteers will also collect clothes from their homes for the victims. They appealed Jabalpurians to come forward to contribute for Kerala.

नईदुनिया लाइव
www.naidunia.com

# पंजाब में पेश किया मप्र का लोकनृत्य, भाषा और संस्कृति का स्वयंसवेकों ने किया आदान-प्रदान

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने पंजाब में आयोजित कैंप में की शिरकत



### [illegible]

'पत्रिका आजादी की बात'

शासकीय महाकोशल कॉलेज में युवा संवाद कार्यक्रम



# 'स्वरोजगार ने बदली युवाओं की राह, विकास के खुले नए द्वार'

आजादी का अमृत महोत्सव समूचा देश मना रहा है। ऐसे में कोई तिरंगा अभियान को लेकर काम कर रहा है, तो कहीं दिवस को खास बनाने की तैयारी चल रही है। 'पत्रिका' द्वारा इस आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'आजादी की बात' कैम्पेन चलाया जा रहा है। इस कड़ी से जुड़कर शहर में शिक्षण संस्थानों में युवा संवाद कार्यक्रम और तिरंगा फहराओ का संदेश दिया गया।



## तिरंगा हमारी शान, गर्व से फहराएंगे

पत्रिका कैम्पेन से जुड़कर गुरुनानक कॉलेज में छात्राओं द्वारा घर-घर तिरंगा फहराओ का संदेश दिया गया। इसके लिए छात्राओं ने हाथों में तिरंगा थामकर जय भारत माता के नारे लगाए।

## आप भी दिखाइए तिरंगे के प्रति प्रेम

इस आजादी के अमृत महोत्सव का आप भी हिस्सा बनिए और पत्रिका के सेल्फी विद ट्राई कलर कैम्पेन का हिस्सा बन सकते हैं। इसके अंतर्गत जहां आपको तिरंगे के रंगों का उपयोग करके कोई क्रिएटिविटी तैयार करनी है, वहीं फेस पेंटिंग, ड्रॉइंग और रंगोली जैसी कला भी बनाकर दिखा सकते हैं। इसके लिए आपको तैयार आर्ट के साथ सेल्फी भेजनी है, साथ ही **30** से **40** सेकंड का वीडियो भी **9329892776** मोबाइल नंबर पर वॉट्सएप करना है।

# युवा सोच और विचारों का आजाद भारत

पत्रिका **plus** रिपोर्टर

**जबलपुर.** कोरोना काल ने लोगों को स्वरोजगार की महत्ता समझाई है। आजाद भारत में अब हर वर्ग के लिए स्वरोजगार से जुड़ना मुमकिन हो रहा है। इसलिए शहर से लेकर अंचल तक की छवि अब चमक रही है। खासतौर पर युवा वर्ग अब स्वरोजगार की डोर थामे अपने शहर में ही रहना चाहते हैं, जिससे विकास के नए द्वार खुल रहे हैं। युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने कुछ इन्हीं बातों पर प्रकाश डाला।



शासकीय महाकोशल कॉलेज में आजादी की बात कैम्पेन के अंतर्गत युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संचालन कर रहे डॉ. अरुण शुक्ल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा सोच और विचारों से आजाद भारत बदल रहा है। कार्यक्रम में मौजूद अरुण बिल्थरे, साहिल साहू, शैलेन्द्र बैरागी, रंजीत तारम, रोहित पंडराम, अभिषेक ने कहा कि आजाद भारत की नींव युवा हैं। महज दस सालों में ही कई तरह के बदलाव नजर आए हैं। जिसमें खासकर युवाओं को अपने निर्णय स्वयं लेने और जीवन शैली में बदलाव करने का दायरा बढ़ा है। राजनीति में भी अब युवाओं का दखल बढ़ रहा है, जिसके कारण विकास के नए द्वार भी खुलने की उम्मीद बढ़ गई है। स्टार्टअप और बिजनेस फील्ड में ही युवा अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता दिखा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की छवि भी अब आजाद भारत में बेहतर हो रही है।



श्रमदान...

# पौधों की गुड़ाई कर, उखाड़ी गाजर घास

**नरसिंहपुर @ पत्रिका.** राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई के स्वयं सेवकों ने साक्षरता स्तंभ परिसर में लगाए हुए पौधों के संरक्षण के लिए श्रमदान किया। प्रभारी अल्ताफ खान के मार्गदर्शन में प्रत्येक बुधवार को साक्षरता स्तंभ परिसर में एकत्रित होकर सुबह 11 से 12 बजे तक इन पौधों का संरक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में इनके द्वारा पौधों की गुड़ाई की गई और परिसर में उगी गाजर घास का उन्मूलन किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा इन पौधों को गोद लेकर इनका नामकरण भी किया गया है और वे इन पौधों को उसी नाम से संबोधित करते हैं। कार्य में स्वयं सेवक आनंद कुमार पटैल, सचिन कुमार सिलावट, देवेन्द्र विश्वकर्मा, अभय राजपूत, कमल मेहरा, सुनील जाटव, संदीप महार, नीरज, समीम खान, ममता रैकवार, हुमैरा खान, महिमा सोनी, मोनू लुहार, सविता परधान, के साथ पीजी महावि नरसिंहपुर की रासेयो इकाई के स्वयंसेवक सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



**श्रमदान...** गाजरघांस उन्मूलन कर पौधों की गुड़ाई करते स्वयंसेवक।

## मुक्तिधाम में फेंके जा रहे मृत मवेशी

**नरसिंहपुर.** पौध रोपण योजना के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं ने ग्राम पंचायत सिमरिया कला के मुक्ति धाम में पौधे लगाए थे। समूह ने शांतिधाम को साफ सुथरा बनाया था पर वहां कुछ लोगों द्वारा मरे हुए मवेशी डाले जाने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। दुर्गंध के कारण वहां से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है।समूह ने प्रशासन से मांग की है कि मुक्ति धाम के 5 एकड़ क्षेत्र की नाप करा कर सुरक्षा की जाए ताकि मेहनत से लगाए गए पौधे सुरक्षित रह सकें और वातावरण स्वच्छ रह सके। समूह की महिलाओं ने सिमरिया कला से निकली मुख्य नहर के दोनों ओर 20-20 मीटर चौड़ाई एवं 2 से 3 किमी लंबाई तक 2310 पौधे लगाए हैं जिनकी रक्षा के लिए उन्होंने भूमि अधिकार की मांग की है।

# पेंटिंग कर नर्मदा तट बरमान को बना दिया सुंदर

### रासेयो के छात्र-छात्राओं ने श्रमदान कर घाटों में की सफाई



**करेली।** रासेयो स्वयंसेवक द्वारा की गई घाट की सफाई।



**करेली।** कचरे को ट्रैक्टर मे भरते हुए स्वयंसेवक।

**करेली। नईदुनिया न्यूज**

राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नरसिंहपुर एवं उन्मुक्त इकाई द्वारा गत सप्ताह प्रारंभ किया गया स्वच्छ नर्मदा सुन्दर नर्मदा अभियान निरंतर प्रारंभ है। खास बात यह है कि इस अभियान में न केवल एनएसएस छात्र स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं बल्कि छात्रा स्वयंसेवकों ने भी इस हफ्ते अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिला संगठक डॉ. यूएस परमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के मार्गदर्शन एवं मुक्त इकाई जिला प्रभारी अल्ताफ खान के नेतृत्व में आज स्वयंसेवकों ने वृहद स्तर पर घाट की सौंदर्यता के लिए वाल पेंटिंग एवं सफाई कार्य किया।

स्वयंसेवकों के एक समूह ने घाट पर वाल पेंटिंग का कार्य किया तो दूसरे समूह ने घाट पर एकत्रित गंदगी की सफाई कर ट्राली में एकत्रित की जिसे ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम के बाहर फिकवाया गया। कार्यक्रम में उन्मुक्त इकाई, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर एवं संतमोनी सर्वोदय महिला महाविद्यालय तेंदूखेड़ा के रासेयो स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। सफाई कार्य में रेवा सेवा अभियान एवं ग्राम पंचायत बरमान का सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्य में उन्मुक्त इकाई स्वयंसेवक आनंद कुमार पटैल, ममता रैकवार, कृतिका पटवा, अभय राजपूत, सुनील जाटव, संदीप यादव शासकीय पीजी कॉलेज स्वयंसेवक शंकर लाल काछी, नकुल प्रजापति रजनीश कौरव, रंजीत चौधरी, रवि चौधरी, संजू हरिजन, संतमोनी महिला महाविद्यालय से स्वयंसेवक प्रियंका पटैल, ज्योति पटैल, रूपवती हरिजन, कंचन रजक, रोशनी केवट, प्रियंका पटैल, लता पटैल, खुश्बू सोनी, कल्पना रजक, मधू पटैल, रश्मि गौड की सहभागिता रही।



**करेली।** स्वयंसेवकों द्वारा कीजा घाटों की रंगाई-पुताई।

निगहरा में मनोरंजन शिविर

## बच्चों के साथ खेले और बताया एकजुट रहने का महत्व

पत्रिका PLUS रिपोर्टर





**कटनी** • राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई द्वारा एक दिवसीय मनोरंजन शिविर का आयोजन ग्राम निगहरा तहसील बड़वारा में किया गया। जिसमे अंजनी धाम दर्शन, ग्राम भ्रमण एवं जागरुकता अभियान, विद्यालय भ्रमण एवं प्रेरक उद्बोधन सहित विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित कर पुरस्कार वितरण किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य आपस में संगठित होना तथा साथ मिल कर कार्य करना था। जिले की रासेयो इकाई को मजबूत करना था। शिविर का आयोजन डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी एवं निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में निखिल अग्रवाल ने सभी वोलेंटियर्स को अपने कार्य के अनुभव, कार्य करने की तरीके के बारे में बताया तथा स्वच्छता इंटर्नशिप कार्यक्रम को किस तरह से किया जाए, इसकी जानकारी दी। बैठक के अंत में सभी वालेंटियर्स ने कदम से कदम मिला कर कार्य करने एवं जिले को स्वक्छ एवं प्रदूषण रहित बनाने की बात कही।

शिविर में मनोरंजन के लिए प्रतियोगिता एवं खेल का आयोजन किया गया। इसमें आनंन्द गुप्ता, शिवानी देव, शादाब, अभिषेक गुप्ता, हीना कछवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर आस्था बघेल, अंजलि गोंड, साक्षी सोनिया, सोनल वाधवा, मानसी, प्रीति, प्रतिमा द्विवेदी, लक्ष्मी पटेल सहित अन्य मौजूद रहे।


पत्रिका PLUS

जबलपुर, सोमवार, 20.08.2018


# राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय ख्याति भी दिला सकता है एनएसएस



**जबलपुर** • रानी दुर्गावती विवि के कौशल विकास एवं आधुनिक केंद्र में एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ओपन यूनिट राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम रहे। अध्यक्षता प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। देवांशु गौतम ने सभी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के इतिहास एवं कार्यशैली से परिचित कराया। इसके साथ ही बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में एनएसएस की गतिविधियां किस प्रकार संचालित होती हैं। शिविर में सहभागिता का लाभ एवं प्रमाणपत्र की विभिन्न योजनाओं से परिचित कराते हुए सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अपने व्यक्तिगत जीवन को साझा करते हुए डॉ. देवांशु ने योजना के माध्यम से भारतीय युवा प्रतिनिधि के रूप में विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली यात्रा एवं गणतंत्र दिवस परेड शिविर के अनुभव बताए। कहा कि यदि आप अच्छी मेहनत, लगन से ऐसे प्लेटफॉर्म पर कार्य करते हैं तो आपको राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो सकती है। प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि शासन को इस प्रकार की समाज हित का कार्य करने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया। कहा कि यदि सभी से हम पूर्ण निष्ठा से राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्य करेंगे तो वह निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। संचालन डॉ. अजय मिश्रा और आभार प्रदर्शन डॉ. मीनल दुबे ने किया।

नईदुनिया
जबलपुर, गुरुवार 04 अक्टूबर 2018

लाइव अपना शहर Our city

# एनएसएस स्वयंसेवियों ने किया 22 यूनिट रक्तदान

## एनएसएस के स्वर्ण जयंती पखवाड़े के समापन व गांधी–शास्त्री जयंती पर रक्तदान रक्तदान

जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

राष्ट्रीय सेवा योजना(एनएसएस) की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित स्वर्ण जयंती पखवाड़ा के समापन अवसर पर रक्तदान किया गया। एनएसएस की मुक्त इकाई द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़ कर रक्तदान किया।

### रक्तदान सर्वश्रेष्ठ कार्य

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रभात साहू व रादुविवि कुलपति प्रो.कपिल देव मिश्र मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रभात साहू ने कहा कि रक्तदान ही वर्तमान समय की महती आवश्यकता हैं क्योंकि रक्तदान शिविरों से ही आकस्मिक रक्त की आवश्यकता की पूर्ति हो सकती है। संसार में रक्तदान ही सर्वश्रेष्ठ कार्य है।




एनएसएस की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कुलपति व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में रक्तदान करते स्वयंसेवक।

रक्तदान कार्य रादुविवि की संयोजन व्यवस्था व रेडक्रॉस सोसायटी व विक्टोरिया चिकित्सालय के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. राकेश वाजपेई, समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, डॉ. आनंद सिंह राणा, कार्यक्रम अधिकारी व संयोजक डॉ. देवांशु गौतम उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में लगभग 22 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही 35 लोगों का हीमोग्लोबिन टेस्ट भी किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवी मौजूद रहे।

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

जबलपुर
बुधवार 03 अक्टूबर 2018
(अश्विन कृष्ण पक्ष नवमी, 2075)

राज एक्सप्रेस | महानगर
बुधवार, 3 अक्टूबर, 2018
www.rajexpress.co
9
जबलपुर

# गांधी-शास्त्री जयंती पर विविध कार्यक्रमों का किया आयोजन

## गांधी-शास्त्री जयंती पर स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान




राष्ट्रीय सेवा योजना कि 50वीं वर्ष गांठ के अवसर पर आयोजित स्वर्ण जयंती पखवाड़ा समापन कार्यक्रम में रासेयो मुक्त इकाई रासेयो द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में कुलपति प्रो कपिलदेव मिश्र एवं मुख्य अतिथि प्रभात साहू, अध्यक्ष महाकोशल विकास प्राधिकरण ने ''रक्तदान ही सर्वश्रेष्ठ कार्य है।'' पर विचार व्यक्त किए। आरडीयू रासेयो की संयोजन व्यवस्था एवं रेडक्रास सोसाइटी व विक्टोरिया चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. राकेश बाजपेई, डॉ अशोक मराठे रासेयो समन्वयक, रक्तदान शिविर संयोजक कायक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम आदि की मौजूदगी में लगभग 22 यूनिट रक्तदान एवं 35 लोगो का हिमोग्लोबिन टेस्ट हुआ। इस अवसर पर स्वयंसेवको में अंबिका द्विवेदी, अरविंद कुमार लोधी, रोशन प्रजापति, समीक्षा मिश्रा, शैलेश प्रसाद, अभीनिका साहू, मोहम्मद जावेद, सोनाली जैन, प्रज्ञा जानी, महिमा, मोहम्मद सनम अली, अभिषेक तिवारी आदि ने रक्तदान करते हुऐ विशेष सहयोग दिया।

नईदुनिया
लाइव
जबलपुर, रविवार 02 दिसंबर 2018 www.naidunia.com

**चयन** इंटरनेशनल गुडविल एंड फ्राटेर्निटी शिविर में भाग लेने जबलपुर का दल रवाना

# विश्व शांति, स्वास्थ्य का संदेश देंगे स्वयंसेवक

जबलपुर। (वि.)

राष्ट्रीय युवा योजना नई दिल्ली द्वारा 3 से 10 दिसंबर 2018 तक सुल्तानपुर लोधी पंजाब में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिविर में भारत सहित कुल 5 देशों से अधिकारी व करीब 20 हजार स्वयंसेवक सहभागिता करेंगे। शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति एवं विश्व स्वास्थ्य के लिए युवा है, जिसका नेतृत्व डॉ. एस एन सुब्बाराव करेंगे।

इस शिविर में हिस्सा लेने के लिए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का 38 सदस्यीय दल शनिवार को गंतव्य के लिए रवाना हुआ। इस दल का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना रादुविवि के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम जबलपुर कर रहे हैं। वहीं स्वयंसेवक छात्रों का नेतृत्व रोशन



प्रजापति, प्रशांत चापेकर, शुभेंदु मन्न, व अरविंद लोधी और छात्राओं में पूनम रहंगडाले, अंबिका द्विवेदी व सोनल वाधवा कर रही हैं।

शिविर के दौरान विश्व शांति व सौहार्द के लिए अंतरराष्ट्रीय रैली, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान, सर्व स्वच्छता अभियान के दौरान कारसेवा, विभिन्न राज्यों के स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर समेत विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विशेषज्ञों का उद्बोधन कार्यक्रम होगा। शिविर में रादुविवि के 4 जिलों जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर व मंडला से कुल 37 स्वयंसेवक व 01 अधिकारी सहभागिता कर रहे हैं।

## दल में शामिल स्वयंसेवक

रोशन, प्रशांत, अरविंद, सुवेन्दु, सुयस, नूर मोहम्मद, अमित, प्रतीक, नीलेश आशुतोष, हिमांशु, भागीरथ, कमलेश, अशोक, प्रदीप, गौतम, राघवेंद्र, केशव, कमल, सुनील, गणेश, संदीप, अजय, शमीम, पूनम, अम्बिका, सोनल, आयुषी, रोशनी, ऋतु, आस्था, कल्पना, कामिनी, समीक्षा, चांदनी, अंजलि, नीलम आदि शामिल है। स्वयंसेवकों के दल को रवानगी देने के पूर्व कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे, अतिरिक्त संचालक केएल जैन व कुलपति ने शुभकामनाएं दी।

पत्रिका PLUS Weekend
matrimonial 16 citylive 17 screen play 18
Jabalpur . SUNDAY
20/05/2018
PATRIKA.COM/ENTERTAINMENT

# पक्षियों की बुझेगी प्यास



जबलपुर ● मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विवि के तत्वावधान में विवि परिसर पर सकोरे लगाए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम ने कहा कि स्वयंसेवकों को मिलकर सकोरे लगाने होंगे और पक्षियों के जीवन की रक्षा करनी होगी। कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र और डॉ. अशोक मराठे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

The Hitavada
JABALPUR ■ Thursday ■ June 7 ■ 2018

# RDU's NSS unit takes out rally to mark Environment Day

■ **Staff Reporter**

THE open unit of National Service Scheme (NSS) of Rani Durgawati University planted saplings and took out rally on the occasion of World Environment Day, on Tuesday. The NSS cadets also took the pledge of environment conservation on the occasion. At the outset, Vice Chancellor, Dr Kapil Deo Mishra administered oath of environment protection to NSS cadets.

Shedding light on the importance of environment conservation, he said, if the nature is exploited with the same speed for next 50 years, there would remain only plastic and pollution on earth. Hence, people must discharge their responsibility and extend support in environment conservation. Later, NSS cadets took out rally and made people aware about environment protection. They urged people to plant trees and add greenery in their surroundings.

Expressing his views on the occasion, Programme Officer Open Unit, Dr Devanshu Gautam said, since centuries, environment conservation has been a part and parcel of Indian culture. It is the part of our lifestyle.

Amongst those extending support in plantation were Professor Anjana, Prof Surendra Singh, Dr Ajay Mishra, NSS cadets, including Nikhil Agrawal, Arvind Lodhi, Pratik Jain, Amit Shivhare, Uma Bharti, Payal Patel, Satyendra Patel and others.




**NSS cadets along with Vice Chancellor Dr Mishra during Environment Day programme.**

# नर्मदा को बचाने पौधरोपण एकमात्र विकल्प

**जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर**

नर्मदा नदी मप्र और गुजरात की जीवन रेखा है। इसे बचाने के लिए पौधरोपण ही एकमात्र विकल्प है। ये बात एसपी डॉ. महेन्द्र सिंह सिकरवार ने शुक्रवार को वृहद पौधरोपण व गोष्ठी के कार्यक्रम में कही।

श्रीजानकीरमण कॉलेज व लार्डगंज थाना द्वारा जबलपुर पुलिस, एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र, नगर रक्षा समिति, स्माल वंडर स्कूल, केशरवानी, चंचलबाई, डीएन जैन कॉलेज, मोहल्ला समिति व खेल व युवक कल्याण विभाग के सहयोग से कॉलेज परिसर समेत रानीताल खेल मैदान में वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम संयोजक लार्डगंज थाना प्रभारी सुशील चौहान रहे। कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित मुन्नवर खान ने पौधरोपण व जलसंरक्षण में योगदान का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एसएसपी शहर पश्चिम यांग चेंन डोलकर भूटिया ने पौधों के रोपण की विधि बताई। अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो. केएल जैन, नेहरू युवा केन्द्र के समन्वयक डॉ. सुधाकर गौर, कस्तूरबा गांधी वार्ड पार्षद सविता संतोष दुबे, प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दूसरे चरण में पौधरोपण व तीसरे चरण में रानीताल खेल मैदान तक पौधरोपण का आह्वान लेकर जन जागरूकता रैली निकाली गई।



जबलपुर। श्रीजानकीरमण कॉलेज परिसर में औषधीय गुणों से भरपूर पौधों का रोपण करते पुलिस अधिकारी, छात्र व नागरिक।

## यहां रोपे इतने पौधे

- श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में 150 पौधे रोपे गए। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार डॉ. कौशल दुबे ने किया।
- रानीताल खेल परिसर में रैली रूप में पहुंचे छात्र-छात्राओं, अतिथियों व जागरूक नागरिकों ने करीब 250 औषधीय पौधों का रोपण किया।

**इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा व आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डीएन जैन कॉलेज प्राचार्य डॉ. श्याममोहन द्विवेदी, केशरवानी कॉलेज प्राचार्य डॉ. आशुतोष दुबे, चंचलबाई कॉलेज प्राचार्य डॉ. बीएन भटनागर, डॉ. ध्रुव दीक्षित, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, डॉ. जगमोहन दीक्षित, शरदचंद पालन, प्रो. राजेन्द्र ऋषि, रादुविवि एनएसएस इकाई से देवांशु गौतम, श्रीजानकीरमण कॉलेज के रासेयो अधिकारी नीरज पटेल आदि मौजूद रहे।

\

दैनिक भास्कर

city भास्कर

JABALPUR SUNDAY, 22/07/2018

सिटी SPORTS / ACTIVITY

# बापू का घर-घर पहुंचे संदेश, स्वच्छ, सुंदर हो अपना देश



जबलपुर। गांधी के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' कार्यक्रम के अंतर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की मुक्त इकाई-राष्ट्रीय सेवा योजना छह द्वारा ग्राम लहंगी में 100 घण्टों के स्वच्छता संबंधी अभियान को आगे बढ़ाते हुए दिनांक 21 जुलाई 2018 को स्वच्छता जागरूकता रैली एवं गाजरघास उन्मूलन एवं डोर-टू-डोर कैम्पेनिंग की गई एवं ग्रामवासियों के साथ-साथ ग्राम के विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को भी स्वच्छता से स्वास्थ्य पर होने वाले विभिन्न फायदे बताते हुए ग्राम के चबूतरे की साफ-सफाई, नालियों को साफ करना, विद्यालय व आंगनबाड़ी परिसर की सफाई करते हुए अनुपयोगी वस्तुओं के निष्पादन संबंधी जानकारी दी गई। स्वच्छता जागरूकता कार्य के दौरान दल के साथ ग्राम सरपंच सुनील कुशराम के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों लोटन प्रसाद लोधी, अजय लोधी, राम सहाय पटेल आदि ने बड़े ही हर्ष के साथ स्वच्छता के इस पुनीत कार्य में सहयोग करते हुए सहभागिता की।

आगामी कार्ययोजना में मुक्त इकाई रासेयो के दल, जिसमें डॉ. देवांशु गौतम (नोडल ऑफीसर) अरविन्द कुमार लोधी, रोशन प्रजापति, प्रशान्त चापेकर एवं कुमारी अम्बिका द्विवेदी हैं, द्वारा ग्राम में नुक्कड़ नाटक एवं स्वच्छता मेला आदि का आयोजन किया जाएगा। रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा ''स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप'' में किए जा रहे निःस्वार्थ सेवा कार्य की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. कपिलदेव मिश्र एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे ने समस्त दल को शुभकामनाएं दीं। पी-5

पत्रिका PLUS

जबलपुर, सोमवार, 20.08.2018

# राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय ख्याति भी दिला सकता है एनएसएस



**जबलपुर** ◆ रानी दुर्गावती विवि के कौशल विकास एवं आधुनिक केंद्र में एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ओपन यूनिट राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम रहे। अध्यक्षता प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। देवांशु गौतम ने सभी छात्र-छात्राओं को एनएसएस के इतिहास एवं कार्यशैली से परिचित कराया। इसके साथ ही बताया कि संपूर्ण भारतवर्ष में एनएसएस की गतिविधियां किस प्रकार संचालित होती हैं। शिविर में सहभागिता का लाभ एवं प्रमाणपत्र की विभिन्न योजनाओं से परिचित कराते हुए सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। अपने व्यक्तिगत जीवन को साझा करते हुए डॉ. देवांशु ने योजना के माध्यम से भारतीय युवा प्रतिनिधि के रूप में विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली यात्रा एवं गणतंत्र दिवस परेड शिविर के अनुभव बताए। कहा कि यदि आप अच्छी मेहनत, लगन से ऐसे प्लेटफॉर्म पर कार्य करते हैं तो आपको राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो सकती है। प्रो. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि शासन को इस प्रकार की समाज हित का कार्य करने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य करने का प्रस्ताव दिया। कहा कि यदि सभी से हम पूर्ण निष्ठा से राष्ट्रीय सेवा योजना में कार्य करेंगे तो वह निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। संचालन डॉ. अजय मिश्रा और आभार प्रदर्शन डॉ. मीनल दुबे ने किया।

जबलपुर

मंगलवार 31 जुलाई 2018

(श्रावण कृष्णपक्ष चतुर्थी, 2075)

वर्ष 11 अंक 320, पृष्ठ 14+4-18, मूल्य ₹ 2.50

सच कहने का साहस और सलीका

# राज एक्सप्रेस

■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर






# देश से करो वादा, स्वच्छ भारत का इरादा

## आरडीयू रासेयो मुक्त ईकाई दल द्वारा गांव पहुंचकर की गई109 घंटे सेवा

**जबलपुर(आरएनएन)।**

''स्वच्छ भारत का इरादा। इरादा कर लिया हमने, देश से अपने वादा ये वादा कर लिया हमने।'' की पंक्तियों के साथ रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ग्राम-लहंगी में आयोजित 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' के समापन अवसर पर व्यक्त की गईं। पांच सदस्यीय रासेयो दल में शामिल नोडल ऑफिसर डॉ. देवांशु गौतम ने बताया कि सभी अतिथियों एवं ग्राम-वासियों को टीम के द्वारा पूर्ण किये गये कार्यों को विडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया। भारत सरकार द्वारा प्रांरभ किये गये स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ''स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप'' कार्यक्रम में आरडीयू की मुक्त इकाई-राष्ट्रीय सेवा योजना के पांच सदस्यीय दल जिसमें डॉ. देवांशु गौतम (नोडल ऑफिसर), कुमारी अम्बिका द्विवेदी, अरविंद कुमार लोधी, रोशन प्रजापति एवं प्रशान्त चापेकर) ने ग्राम-लहंगी में 15 जुलाई 2018 से लगातार 30 जुलाई 2018 तक निःस्वार्थ सेवा भाव से श्रमदान करते हुए ग्राम में विभिन्न जागरुकता अभियान एवं विभिन्न प्रकार के आयोजन किये जिसमें टीम ने ग्राम सम्पर्क, सड़कों की सफाई, धुलाई, गाजरघास उन्मूलन, सोक्ता गढ्ढों का निमार्ण, नलकूपों की सफाई एवं सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता मेला व चैपाल का आयोजन करते हुए 100 घण्टों से अधिक (लगभग 109 घण्टे) समय का श्रमदान कार्य किया।

**समापन कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** समापन कार्यक्रम ग्राम सरपंच सुनील कुशराम, ग्राम सचिव-विजय खडइयां, कार्यक्रम अध्यक्ष रासेयो कार्यक्रम समन्वयक आरडीयू प्रो. अशोक कुमार मराठे, मुख्य अतिथि-जनपद अध्यक्ष संजय पटैल, विशिष्ट अतिथि-पूर्व संरपच लोटन प्रसाद लोधी एवं वरिष्ठ समाजसेवी इंद्र कुमार पटेल की उपस्थिति में हुआ। विद्यार्थियों के इस निःस्वार्थ सेवा कार्य की सराहना करते हुए कुलपति प्रो. कपिलदेव मिश्र, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ के. एल जैन, डॉ आनंद सिह राणा जिला संगठक रासेयो द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन में निखिल अग्रवाल, सुबेन्दु मन्ना, अजय पटेल, जगदेव पटेल, श्रीमती कस्तूरी पटेल, मनोहर पटेल, दिलीप पटेल, बबलू पटेल, सुरेन्द्र पटेल आदि का विशेष योगदान रहा।

city भास्कर
JABALPUR TUESDAY, 11/07/2017

सिटी ACTIVITY



## दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जबलपुर।** गुरुओं के प्रति सम्मान भाव को प्रदर्शित करते हुए रादुविवि मुक्त इकाई के स्वयंसेवकों ने पौधे रोपे। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, कार्यक्रम अधिकारी देवांशु गौतम, स्वंसेवकों में पूनम रहांगडाले, अंबिका द्विवेदी, समीक्षा मिश्र, प्रशांत चापेकर, अरविंद लोधी, अजय नारायण पटेल, रोशन प्रजापति, सुबेन्दू मन्ना, प्रतीक जैन आदि मौजूद रहे।

पत्रिका PLUS

citylive 14 screen play 16

Jabalpur . Monday

04/09/2017

patrika.com/entertainment

# स्वयंसेवकों ने उखाड़ी गाजरघास



**जबलपुर** ● राष्ट्रीय सेवा योजना मुक्त इकाई, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विभिन्न कॉलेजों के स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त रुप से विवि के विभिन्न परिसरों से गाजरघास हटाई। मुख्य प्रशासनिक भवन के सामने, कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट, विक्रम साराभाई भवन एवं ग्रंथालय के सामने के क्षेत्र को गाजरघास मुक्त बनाने का प्रयास किया। आयोजन कुलपति प्रोफेसर कपिलदेव मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई डॉ. देवांशु गौतम ने गाजर घास की वजह से हो रहे नुकसान एवं पर्यावरण पर होने वाले उसके दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान अजय नारायण पटेल, प्रशांत चापेकर, अरविंद लोधी, प्रतीक जैन, प्रफुल्ल दुबे, प्रियदर्शनी महापात्रा मौजूद रहीं।

नईदुनिया
लाइव
लाइव अपना शहर Our city

# डिजिटल बैंकिंग से ही विकास संभव

## जानकीरमण कॉलेज में एनएसएस व रिजर्व बैंक की जिला स्तरीय स्पर्धाएं



जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर

राष्ट्रीय सेवा योजना व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में श्रीजानकीरमण कॉलेज में वित्तीय साक्षरता व डिजिटल बैंकिंग पर जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें कॉलेज व विद्यालयों के प्रथम व द्वितीय स्थान पर चयनित 80 स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चारों विधाओं का विषय 'बदलते परिवेश में वित्तीय साक्षरता व डिजिटल बैंकिंग की आवश्यकता' रखा गया था। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि वित्तीय साक्षरता व डिजिटल बैंकिंग से ही भारत का विकास संभव है।

प्रथम चरण में आयोजित परिचर्चा में प्रथम स्थान स्वेच्छा पाठक, द्वितीय स्थान श्वेता तिवारी, होमसाइंस कॉलेज व तृतीय स्थान अजय नारायण पटेल जेसीसी कॉलेज व शालीन नैयर सेंट अलॉयसियस कॉलेज ने प्राप्त किया। निर्णायक साहित्यकार प्रो. राजेन्द्र ऋषि व अभिमन्यु जैन रहे। निबंध के अंतर्गत डॉ. कौशल दुबे व प्रो. एचएस पटेल ने विभिन्न कॉलेजों से प्राप्त 40 प्रविष्ठियों का मूल्यांकन किया। इसमें प्रथम स्थान साकेत राज पैगवार, श्रीजानकीरमण कॉलेज, द्वितीय स्थान आकांक्षा सिंह चौहान आदर्श विज्ञान कॉलेज, व तृतीय स्थान नितिन पाण्डेय सेंट अलॉयसियस कॉलेज ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंबिका द्विवेदी, रादुविवि उन्मुक्त इकाई, द्वितीय स्थान अपूर्वा मिश्रा, आदर्श विज्ञान कॉलेज व तृतीय स्थान योगेश पटले ने प्राप्त किया। स्लोगन में प्रथम स्थान अमित साहू, जेसीसी कॉलेज, द्वितीय स्थान रुबीना खान, गुरुनानक कॉलेज, तृतीय स्थान निशांत नंदा जेसीसी कॉलेज को मिला। निर्णायक रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेखा अग्रवाल, डॉ. ममता सहगल व पर्यवेक्षक डॉ. गणेश राठौर रहे।

### अब राज्य स्पर्धा की तैयारी

- चारो प्रतियोगिताओ मे प्रथम स्थान पर चयनित स्वयंसेवक 12 फरवरी को कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के नेतृत्व मे भोपाल मे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम मे सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक रासेयो डॉ. आनंद सिंह राणा व आभार रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नीरज पटेल ने किया। कार्यक्रम मे कॉलेज के डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, हेमंत सोधिया, राजीव चौरसिया, गोपाल प्रसाद, मगनलाल रैकवार आदि का सहयोग रहा।

नईदुनिया लाइव
www.naidunia.com

जबलपुर, मंगलवार 03 अक्टूबर 2017

# रादुविवि में एक घंटे तक चला स्वच्छता अभियान

रादुविवि में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, प्रो. सुभाष शर्मा, रासेयो कार्यक्रम समन्वयक रादुविवि डॉ. अशोक मराठे, जिला संगठक डॉ. आनंद सिंह राणा, डॉ. शंपा जैन, डॉ.देवांशु गौतम के साथ ही रासेयो स्वयंसेवी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विवि परिसर में लगभग 1 घंटे तक झाडू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही संकल्प लिया कि विवि परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए नियमित प्रयास करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वयंसेवी अंबिका द्विवेदी, सुजाता ठाकुर, पल्लवी, नीतू, सुनीता, एकता, विनीता, शालिनी, रितु, सुप्रिया, प्रशांत, रोशन, नूर मोहम्मद, दानिश, आजाद, मनीष्ज्ञ, रूपेश, साकिब व अन्य का सहयोग रहा।



पत्रिका CITY LIVE weekend

.14 Jabalpur SATURDAY 30/12/2017

# 4 घंटे में 3 हजार से ज्यादा स्वच्छता एप डाउनलोड



जबलपुर ● राष्ट्रीय सेवा योजना के 225 वॉलेंटियर्स ने नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में शहर की सड़कों पर उतर कर स्वच्छता एप डाउनलोड कराया। इस दौरान नाट्य लोक संस्था के कलाकारों ने नुक्क ड़ के जरिए जागरूक किया। अभियान का शुभारंभ कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, निगम कमिश्नर वेदप्रकाश, डॉ. अशोक मराठे, जिला संगठक डॉ. आनंद सिंह राणा के निर्देशन में आरंभ हुआ। जहां विविध कॉलेजों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान एप डाउनलोड करने वालों की सूची फोन नंबर सहित तैयार की गई। जिसमें 8 दलों ने मिलकर यह कार्य संपन्न किया।

# हम सब ने ठाना, नर्मदा तट को स्वच्छ बनाना है

## स्वयंसेवियों ने नर्मदा तट पर सफाई कर मनाया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस




राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर जिला एनएसएस इकाई द्वारा ग्वारीघाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**जबलपुर। नईदुनिया रिपोर्टर**

किसी ने स्वेच्छा से नर्मदा तट पर फैली गंदगी को साफ किया तो किसी ने तट पर आए लोगों को बताया कि नर्मदा तट पर गंदगी न करें। अवसर था जिला एनएसएस इकाई द्वारा जिला स्तरीय नर्मदा स्वच्छता अभियान व एनएसएस डे का।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिला संगठन डॉ. आनंद सिंह राणा व उन्मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के निर्देशन में स्वयंसेवियों ने नर्मदा तट की सफाई की। साथ ही हम सब ने ठाना है सब कुछ स्वच्छ बनाना है नर्मदा मैय्या में जो करे गंदगी उसे नरक में जाना है जैसे नारों से लोगों को जागरूक किया।

### आतंकवाद का हो उन्मूलन

कार्यक्रम के दूसरे चरण में संकल्प सिद्धी के 6 सूत्रों पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां रासेयो समन्वयक रादुविवि डॉ. अशोक मराठे ने भ्रष्टाचार उन्मूलन पर अपनी बात रखी। डॉ. आनंद सिंह राणा ने सांप्रदायिकता के दुष्प्रभाव को बताया। डॉ. शंपा जैन ने स्वच्छता, डॉ. अरुणा ने जातिवाद के उन्मूलन, डॉ. जरीना जॉन चौधरी ने आतंवाद के साथ ही डॉ. हर्षित द्विवेदी ने भी अपने विचार रखे। संचालन डॉ. देवांशु गौतम ने किया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में स्वयंसेवियों ने नर्मदा तट पर बैठे गरीब व निशक्तजनों को खाद्य सामग्री व फलों का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर ग्रुप के अल्ताफ खान, निधि उपाध्याय, मेहर प्रभा मरकाम, अजय नारायण पटेल, अंबिका द्विवेदी, अरविंद लोधी, पूनम रहंगडाले, प्रफुल्ल दुबे, रोशन प्रजापति, प्रशांत चापेकर, प्रतीक जैन, निखिल, पूजा, भाग्यश्री, निशि, चेतना के साथ ही अन्य स्वयंसेवियों का सहयोग रहा। श्रीजानकीरमण कॉलेज, होमसाइंस, मानकुंवर बाई कॉलेज, महाकोशल, साइंस, नवयुग, जीएस, मातागुजरी, जेसीसीसी व उन्मुक्त इकाई के स्वयंसेवी शामिल रहे।




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बधुवार में पर्यावरण जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बधुवार में स्वच्छ भारत जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम - बरमान में पौधारोपण करते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2018 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम - बरमान में पौधारोपण करते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र



गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2018 के राजपथ पर परेड के दौरान राष्ट्रपति को सलामी देते हुए
म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते रादुविवि एनएसएस स्वयंसेवक
समीक्षा मिश्रा व प्रतीक जैन (लाल गोले में)




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2017 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण
शिविर के दौरान ग्राम-बघुवार में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नर्मदाघाट मे
स्वच्छता कार्य के दौरान अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र



गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2017 के दौरान तत्कालीन उप-राष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी के साथ म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम व एनएसएस स्वयंसेवक अंबिका द्विवेदी व शीरीन अली (लाल ऐरो से चिन्हित)



गणतंत्र दिवस परेड शिविर 2017 के दौरान तत्कालीन महामहीम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी के साथ म.प्र. का प्रतिनिधित्व करते कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम व एनएसएस स्वयंसेवक शीरीन अली व अंबिका द्विवेदी (लाल गोले में)



रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2017 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बरमान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नर्मदा घाट मे स्वच्छता कार्य के दौरान अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र-छात्राऐं

Workshop on 'Cyber Security'

Deptt. of Education, RDVV, Jabalpur organised a workshop on 'Cyber security' on 26 April 2022, under the subject 'understanding Self'. B.Ed IV Sem students organised this workshop under the guidance of Dr. Nidhi Darbari.

Prof. Alka Nayak, Head of Department, (Education) had welcome the guest, teachers and students and appreciated the workshop.

The guest and subject expert Shri Puneet Singh (S.I. Crime branch, cyber crime) spoke about the cyber crime and cyber security. He said about the different types of cyber crime i.e Spam E-mail, hacking, bullying etc and also said about the laws to prevent these.

All the faculty members and students were benefitted by this workshop.

प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर

mycompanion



## Rani Durgavati Vishwavidyalaya, Jabalpur

# Vaccination Awareness Programme

## 14 April 2021

Department of Post Graduate Studies and Research in Chemistry and Pharmacy, Rani Durgavati Vishwavidyalaya, Jabalpur (M. P.) conducted Vaccination Awareness Programme dated 14 April 2021 through the google meet app for the students, faculty, and their family members were aware of vaccination and its importance at the time of pandemic Covid-19. The program was focused on how to care at the time of vaccination and how to motivate the peoples who don't know the importance of vaccination.

The programme was conducted in the presence of Shri Ishwardas Rohani (MLA Cantt Jabalpur) as chief guest, programme chairman Professor Kapil Deo Mishra Hon'ble V.C Rani Durgavati Vishwavidyalaya, Prof. Rakesh Bajpai, Dean Faculty of Science, Prof. N.K. Pendse Registrar, RDVV, Dr. Sanjay Shrivastava Medical Officer RDVV and R.P. Mishra Head of the Department. More than 100 students' faculty and their family members have participated in the programme.



**Mode: Online webinar**

**Topic: Covid-19: Challenges and Control Measures**

**Date:7th July 2021**

Participation:250

Department of Biological Science organized a webinar on Covid 19: Challenges and Control Measures on World Zoonoses Day to provide insights on the prevention and responses to a future pandemic if occurs. Chairperson, the Honorable Vice Chancellor of the University, Prof. K.D.Mishra gave a presidential address to the attendees and delivered the importance of fitness through yoga and meditation enhancing the immune system. The program was organized in two sessions I.e., the Inaugural and Technical sessions The chief guest of the webinar Dr.Aparup Das, Director, ICMR-NIRTH, Jabalpur gave valuable information on the development of vaccines and its importance.

Keynote speakers Dr.Pradeep V Barde, Dr. Kavita Sachdeva, and Dr.Rupesh Shrivastava gave lectures on the Molecular diagnosis of Covid 19, Mucormycosis, and immunopathogenesis respectively. Dean, Prof.S Singh a, and Head, Prof.S.N.Bagchi welcomed all the attendees and convene the webinar. Prof. R.P. Mishra proposed the vote of thanks. Dr.Renu Pathak, Dr.Purnima Beohar, Dr.Divya Singh, and Dr.Prashant Chaturvedi, The organizing committee conducted the programs in a virtual mode.



# Matdata Jagrukta Abhiyan

Deptt. of Education, RDVV, Jabalpur organised a workshop on 'Voter awareness campaign' on 31st March'2022 in collaboration with Collectorate office, Jabalpur in RDVV, campus.

Prof. Alka Nayak (HOD). Deptt. of Education welcomed the guests Prof. Rashmi Tandon (Examination controller) RDVV, Shri Pramod Shrivastava & Dr. Rashmi Singh from collectorate office, Jabalpur.

They demostrated the EVM and told about its working and asked the students to practice it on EVM. The objective of campaign was to ~~asw~~ make the students aware of working of EVM and emphasized on using their precious vote in the coming elections.

All the faculty members and students were also present.

प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर





# Gender Sensitization and Patent Registration

No. of participants - 78.

A Lecture on 'Gender Sensitization and Patent Registration' was held on 26/2/2020. The lecture was delivered by Prof. P.B. Sandhu.

Prof. Sandhu emphasized on gender equality and it should be started from our home. When boys and girls will work all household works together then we can talk about gender equality.

Also Prof. Sandhu had described about patent registration in detail. They recommend and suggest to all teachers and students to make their ideas into patent.

On this occassion, B.Ed (HOD). Prof. B.K. Sahoo, Incharge Dr. A.K. Gill and the students of B.Ed, Social work, Sociology, Bio science, Rural development and Hindi department were presented. The prog. was conducted by Dr. Amrisha Deshmukh and thanks given was done by Dr. Rani Vaidya.

A.K. Gill 26/02/2020
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर





Date __/__/ Page 10

Debate, Essay writing, Painting (Charts) Poster and slogan on " Mahatma Gandhi Ke Jeevan charitra ka Chitran "

On the occasion of 'Azadi ka Amrit Mahotsva", a dept debate, essay writing, painting, Poster making and slogan, competition was held in School of Education, RDVV, Jabalpur from 29 Sep'2019 to 1st october 2019.

139 Students of B.Ed Dept. participated in it enthusiatically. Prof. A.K. Gill, HOD of the dept. appreciated it and encouraged the students to take active participation in all the activities.

All the guest faculty members took keen interest and gave their full cooperation.

01/10/2019
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



Date 3/10/19
Page 15

## Cleanliness Rally

No of Participants - 95

On the occasion of 150th birth anniversary of Shri Mahatma Gandhi. A cleanliness really was organised in the joint venture of B.Ed department and continuing Education department.

A massage was given by the students and guest faculty of both the department through the rally in RDVV campus.

The rally was organised under the direction of HOD (continuing Ed) Dr. A.K. Gill and HOD (B.Ed) Prof B.K. Sahoo.

After this rally. A biopic was shown to the students. The biopic was on the Mahatma Gandhi.

A.K. Gill
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



Date 26/9/19
Page 14

## Cleanliness Campaign

On the occasion of 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi 2 oct '2019, Department of Education, RDVV, organised a cleanliness campaign. The swatch bharat abhiyan is the most significant cleanliness campaign by our honourable prime minister ~~Shri~~ Shri Narendra Modi. The main ~~awareness~~ purpose was to create an awareness among the students regarding cleanliness and its benefits.

All the students were told to bring a small cloth for cleaning purpose. Every student cleaned their desks and benches themselves during the drive. Students actively participated in the event and inspired other students to do the same. The kind of activity is held every year in the campus to inculcate the habit of keeping their surrounding clean in them.

Prof. A.K. Gill (HOD) School of Education R.D.V.V. Jabalpur, shared her views about the cleanliness. All the faculty member were present in this campaign.

A.K. Gill 2/10/2019
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



Date 26/9/19
Page 13

## Health, Literacy campaign
(Kajarwara)

No of Participants - 65

On the occasion of 150th birth anniversary of Mahatma Gandhi, Department of Edu. and Department of continuing Edu, Rani Durgawati university, Jabalpur has organised 'Health, Literacy and cleanliness programme at Village Kazarwara.

An awareness programme was held by the students and the teachers to the villegers about the health, Literacy and cleanliness.

Prof A.K. Gill was given the guidance to the students and teachers of the department.

A.K. Gill
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



An awareness programme on 'Nari Swasthya'

Deptt. of Education, RDVV, Jabalpur organised an awareness programme on the occassion of international women's day, 2019. with the collaboration of Mahagava mahila Kalyan Samiti, Gram Mahgava, Jabalpur.

The programme incharge Prof. A.K. Gill conducted this programme to make the people aware of women's health and empower women to take responsiblity for for their health, understand their health options, identify services, thereby increasing equal access to services, resources and products that best help them prevent and reduce poor health.

50 students of B.Ed and faculty members participated enthusiastically in the programme.

A.K. Gill
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



"Role of official language Hindi in government offices"

Essay competition was organised by the B.Ed. deptt. RDVV, Jabalpur on the occasion of "Hindi Diwas" on 14.09.2019.

Topic of the essay was: "Role of official Language Hindi in government offices".

50Students participated in this competition in which Sudha Gupta got the first position. ~~Ab~~ Amlan Guha Niyogi got the second position and Puja Patel got third position.

On this occasion, the head of Department Prof. A.K. Gill and all the guest faculty members were also present.

A. Gill 14/09/2019
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



# Rural Literacy campaign

Deptt. of Education, RDVV, Jabalpur, launched a literacy campaign on 8'sep'2019. for Nirmala School, Ghamapur and nearby localities in the school premesis. Nearly 100 student of B.Ed, RDVV and all students of school, the teachers of school and faculty members of B.Ed Deptt. RDVV participated in this litercy campaign.

The programme incharge, Prof A.K. Gill was the co-ordinator of this event, with a group of all teachers and students, she organised a prog. to educate those children.

This event contributed to literacy promotion and to aware the students the importance of literacy. We got an overwhelming response. Our department had decided to carry out this campaign for next consecutive years.

08/09/2019
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



## Women Security & well Being

On the occassion of women's day 8/3/2019, a programme was organised by School of Education, RDVV, Jabalpur on 'Women Security and well Being'.

Respected and most Distinguised honourable Prof. Kapil Deo Mishra, Vice chancellor of RDVV, Jabalpur was the chief guest of the programme.

The key note address was given by Dr. Shirish Jamdar, she told about the importance of health in one's life. She spoke about the role of women in every day life and how the health and well-being of women are ignored in the regular chores of work. It was emphasized that women need to be more aware and take initiative to improve their own health and well-being like all other members of family.

Prof. A.K. Gill, Head of Department, had welcome the guests. All the teachers and students were present in the programme.

Gill 08/03/2019
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर



## Cleanliness Campaign (2 oct '2018)

Our department of Education cleanliness campaign Drive under "Swachh Bharat Swasth Bharat abhiyaan Programme" on the occasion of Gandhi Jayanti i.e 2 Oct 2018. The main purpose of this programme was to create awareness among the students regarding cleanliness and its benefits.

Under this programme, all the students B.Ed I and III sem had to participate. Even teachers were the essential part of this drive. As a part of this cleanliness Drive, we had to clean the whole campus.

Our HOD. Dr. A.K. Gill started the programme by cleaning the corners. Then the teachers and students followed suit. Some of us picked brooms and started the job. Some of the students did dusting of the rooms.

It was a unique experience for all of present there. All were curious to be the part of this great drive that could have transformed the face of our country.

Gill
02/10/2018
प्रभारी आचार्य
बी. एड. पाठ्यक्रम
रा.दु.वि.वि. जबलपुर

mycompanion



# International Yoga Day -2022








**स्वतंत्र संग्राम सेनानियों को याद कर एनएसएस द्वारा किया गया रक्तदान**

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम, महात्मा गांधी के 152 वी जयंती तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 52 वें स्थापना दिवस के तारतम्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम(20 सितंबर से 04 अक्टूबर2021) के समापन अवसर पर एन एस एस-ओपन यूनिट, राष्ट्रीय सेवा योजना, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि प्रातः 11:00 बजे से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रोफ. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं कलेक्टर जिला जबलपुर कर्मवीर शर्मा, प्रोफ. बृजेश सिंह - कुलसचिव रादुविवि, प्रोफ़. अशोक कुमार मराठे कार्यक्रम समन्वयक - एनएसएस के मार्गदर्शन एवं डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई के संयोजन में प्रारंभ हुआ।





**टी बी जागरूकता कार्यक्रम 2021**

जन जन का हो एक ही नारा - टी.बी.मुक्त हो देश हमारा*
हम सब ने यह ठाना है टी.बी. को जड़ से मिटाना है*

उक्त नारे मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश में दिनांक 13 से 20 अगस्त 2021 के बीच आयोजित टी बी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत लगाए।



दैनिक पद्मावती एक्सप्रेस
email-padmaavatiexpress@gmail.com
• वर्ष-04 • अंक-205
• पृष्ठ-8 • मूल्य-3 रुपए
जबलपुर, सोमवार 26 जुलाई 2021 MPHIN/2017/73857
@PadmaavatiExpress01 @padmaavati_express @PadmavatiExpre1



# भारत माता की जय घोष के साथ साइकिल रैली हुई आयोजित



पद्मावती एक्सप्रेस, जबलपुर

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान #Cycles4Change के अंतर्गत आज नगर निगम स्मार्ट सिटी जबलपुर एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया फिट इंडिया टीम के अंतर्गत साइकिल ट्रैक रैली का आयोजन किया गया यह रैली रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से प्रारंभ होकर डुमना नेचर पार्क डुमना एयरपोर्ट रोड में समाप्त हुई, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर को साइकिल फ्रेंडली सिटी बनाना रहा ।

कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कपिल देव मिश्र के मार्ग दर्शन में किया गया । रैली का शुभारंभ कुलपति प्रोफ. कपिल देव मिश्र द्वारा झंडी दिखाकर किया गया।

इस दौरान प्रोफेसर कपिल देव मिश्र ने कहा कि हम सभी को प्रकृति का संरक्षण और प्रदूषण को दूर करना होगा इस हेतु अधिक से अधिक लोगों को साइकिल का उपयोग करना चाहिए ताकि प्रदूषण कम हो और सब सेहतमंद रहे ताकि वर्तमान परिवेश में चल रहे विभिन्न प्रकार के संक्रमण से भी सबका बचाव हो सके। इस दौरान जबलपुर स्मार्ट सिटी की सी.ई.ओ निधि सिंह राजपूत तथा कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रोफ. अशोक कुमार मराठे, वित्त नियंत्रक रोहित सिंह कौशल व डॉ विशाल बनने ने भी सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन किया ।

रैली के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश एवं जानकारी प्रदान करते हुए डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट ने बताया कि सभी को सावधानी से साइकिल रैली में सहभागिता करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से डुमना नेचर पार्क तक पहुंचना है जहां पर अल्पाहार के पश्चात रैली का समापन होगा तथा सभी को उत्साह के साथ नारे लगाते हुए प्रकृति के प्रति सभी को जागरूक करना होगा।

## इनकी रही सहभागिता

इस दौरान स्मार्ट सिटी टीम से गजेंद्र सिंह, शैलजा सुलेरे, ट्रेक्सपर्ट ग्रुप से प्रशांत माशि व उनकी टीम , रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की टरर की टीम से डॉ. देवांशु गौतम-कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट एवं फैकल्टी भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के नेतृत्व में मनीष दुबे कार्यक्रम अधिकारी संत अलोयसिस









स्कूल सदर, फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट रादुविवि से फैकल्टी -कन्हैया राठौर, एन एस एस के वरिष्ठ स्वयंसेवकों में अरविंद कुमार लोधी, सुबेन्दु मन्ना, अंकित लखेरा, सुयश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन, निखिल गुप्ता, योगेश पटेल, राशि अग्रवाल, सोनम प्रजापति, वैष्णवी बैरागी, दुर्गा सोनी, अक्षर तिवारी, हेडेन रोजारियो, ग्लेन रोजारियो आदि के साथ 32 एन एस एस के प्रतिभागी तथा स्मार्ट सिटी के सायकिल ब्रांड अम्बेसडर अंकित सहित शहर के अन्य सम्माननीय जन शामिल हुए ।

# शहर में इको फ्रेंडली सिटी बनाने का दिया संदेश





**जबलपुर** ◆ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान साइकिल फॉर चेंज के अंतर्गत नगर निगम स्मार्ट सिटी जबलपुर और रादुविवि के संयुक्त तत्वावधान में रादुविवि से डुमना नेचर पार्क और डुमना एयरपोर्ट रोड तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। शुभारंभ रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर ने किया। जबलपुर स्मार्ट सिटी सीइओ निधि सिंह राजपूत, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, वित्त नियंत्रक रोहित सिंह कौशल, डॉ. विशाल बन्ने कस सहयोग रहा। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, गजेन्द्र सिंह, शैलजा सुल्लेरे, प्रशांत मसीह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष दुबे, कन्हैया राठौर, अरविंद कुमार लोधी, सुबेन्दु मन्ना, अंकित लखेरा, सुयश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन, अंकित सेन उपस्थित थे।






**तीसरी बार आयोजित हुआ एक दिवसीय कोरोना वैक्सीनेशन कैंप**

कोरोना की संभावित तीसरी लहर का खतरा और धीरे-धीरे करके खुल रही शैक्षणिक संस्थाओं को ध्यान में रखते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं वैदेही स्वास्थ्य केंद्र रादुविवि के संयुक्त तत्वावधान में विशेष रूप से छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों एवं शिक्षकों तथा जन सामान्य को कोरोना संक्रमण से बचाने व टीकाकरण कराने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कस्तूरबा छात्रावास परिसर में.






# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश



## सुरक्षित रहने के नियम

- यदि आप पात्र है तो कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाएं
- हमेशा फेस-कवर/ मास्क पहनें
- 2 गज 6 फीट दूसरों से उचित दूरी बना कर रखें
- अपने हाथ साबुन और पानी से नियमित तौर पर अच्छी तरह धोएं

## कोरोना की दूसरी लहर के संक्रमण से बचाव और जागरूकता की आवश्यकता

विषय पर

## ऑनलाइन संगोष्ठी

16 अप्रैल 2021

शाम 05:25 बजे से

अध्यक्ष



प्रोफ. कपिल देव मिश्र
कुलपति
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

मुख्य वक्ता



रिजु बाफना
सीईओ
जिला पंचायत-जबलपुर (म.प्र.)

विशिष्ट अतिथि



प्रोफ. अशोक कुमार मराठे
कार्यक्रम समन्वयक-एनएसएस
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

संयोजक



डॉ. देवांशु गौतम
कार्यक्रम अधिकारी-एनएसएस मुक्त इकाई,
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

आयोजक

**जिला प्रशासन, जबलपुर एवं एन. एस. एस. मुक्त इकाई**
**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश**

संगोष्ठी मे निम्न गूगल लिंक पर क्लिक करके जुड़े

https://meet.google.com/iov-negk-yve

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिंदवाड़ा

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

## टीका उत्सव कार्यक्रम










**Pulse Polio vaccination Campaign by**
**Open Unit Rani Durgavati Vishwavidyalaya Volunteers**
**at Seoni, Jabalpur & Katni**















## "पराक्रम दिवस"

राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर की मुक्त इकाई (ओपन यूनिट) द्वारा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं भारत सरकार युवा कार्य और खेल मंत्रालय के आदेशानुसार 23 जनवरी 2021 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती "पराक्रम दिवस" के रूप में मनाई गई, जिस दौरान विभिन्न संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने पराक्रम दिवस कार्यक्रम में सहभागिता की।



जबलपुर
बुधवार 02 दिसम्बर 2020
(मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया 2077)
वर्ष 14 अंक 74, पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 2.50

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर



# एड्स जागरुकता के लिए हर वर्ग से संवाद आवश्यक : कुलपति प्रो. मिश्र

**जबलपुर (आरएनएन)।** एड्स एक ऐसा विषय है, जिस विषय पर बिना संवाद किए या बिना जानकारी का आदान-प्रदान किए, इसको रोकना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना असंभव है। हम सभी को इस ओर ध्यान देना होगा कि किस प्रकार से हम सभ्य रूप में और उन्मुक्त भाव से एचआईवी/एड्स संबंधी आवश्यक जानकारियों को समाज में एक दूसरे से संवाद के माध्यम से साझा करें और इस महामारी से निजात पाएं। उपरोक्त विचार कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने मंगलवार को एड्स दिवस पर आयोजित एक दिवसीय एड्स जागरूकता ऑनलाईन संगोष्ठी व संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।

रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी एनएसएस प्रकोष्ठ व मुक्त इकाई रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर आयोजित एक दिवसीय एड्स जागरूकता संगोष्ठी व संवाद कार्यक्रम का आयोजन मप्र शासन एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसमें आरडीयू परीक्षेत्र के आठों जिलों के विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवक व अधिकारीगण जुड़े रहे। प्रथम चरण में आरडीयू रासेयो समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे ने रेड



रिबन क्लब के संचालन एवं उसकी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रत्नेश कुरारिया ने कहा कि जिस प्रकार से एचआईवी/एड्स शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाता है, उसी प्रकार से मानसिक दबाव भी इस बीमारी को और गंभीर बनाने का कारक होती है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.अमिता सक्सेना ने एचआईवी/एड्स संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए इसके इतिहास और जागरूकता व सावधानियों की जानकारी प्रदान की। संचालन एवं आभार प्रदर्शन आरडीयू रासेयो मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवांशु गौतम ने किया। आयोजन में डॉ.आरपी सिंह कटनी, डॉ.धनराज सिरामे बालाघाट, डॉ.आनंद सिंह राणा जिला संगठक जबलपुर सहित डॉ.अखिलेश पाठक, डॉ. मुकुल तिवारी, प्रदीप सेन एवं स्वयंसेवकों में सुबेन्दु मन्ना, नितिन पांडे, प्रशांत कुमार, दिनेश साहू, भगवान दास साहू, रितु परसवार, उमा द्विवेदी, प्रिया सहित अन्य स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

| जबलपुर, बुधवार, 02 दिसंबर, 2020 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2077

पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

पत्रिका PLUS



# एड्स के प्रति जागरुकता के लिए हर वर्ग से संवाद आवश्यक



**जबलपुर** ◆ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ व मुक्त इकाई रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्चुअल माध्यम से जागरूकता संगोष्ठी की गई। इसमें विश्वविद्यालय परीक्षेत्र के 8 जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए। अध्यक्षता कुलपति प्रो. केडी मिश्र ने की। कार्यक्रम मार्गदर्शन कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे का रहा। उन्होंने रेड रिबन के संचालन की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. रत्नेश कुररिया ने कहा कि एड्स शारीरिक रूप के साथ मानसिक दबाव के रूप में भी क्षति पहुंचाता है। विषय विशेषज्ञ डॉ. अमिता सक्सेना, गायनेकोलॉजिस्ट ने एचआईवी एड्स संबंधी जानकारी प्रदान की। संयोजक डॉ. देवांशु गौतम ने बताया कि एनएसएस द्वारा प्रतिवर्ष जागरूकता रैली, पोस्टर, निबंध आदि के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इस दौरान डॉ. आरपी सिंह, कटनी, डॉ. धनराज सिरामे बालाघाट, डॉ. आनंद सिंह राणा, जबलपुर, डॉ. अखिलेश पाठक, डॉ. मुकुल तिवारी, प्रदीप सेन आदि का योगदान रहा।

सच कहने का साहस और सलीका

# राज एक्सप्रेस

महानगर

रविवार, 20 अक्टूबर, 2019
www.rajexpress.co

2 जबलपुर

आरडीयू एएससी में बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय पर दो दिवसीय रिसोर्स ग्रुप ट्रेनिंग का समापन

## बाल संरक्षण के लिए जागरुकता लाने के प्रयास तेज हों

जबलपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

वर्तमान में बच्चों के लिए ऐसी कई योजनाएं है, जिनके बारे में हम जागरूक हो जाएं तो कई जरूरत जरूरतमंद बच्चों की मदद कर सकते है। यदि हम इन सभी जानकारियों को सभी तक पहुंचा पाए तभी हम सही मायनों में बाल संरक्षण की दिशा में कुछ अच्छा कर पाएंगे और यूथ फेस चाइल्ड प्रोटेक्शन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना-आवाज एवं यूनिसेफ मिलकर एक बड़ा बदलाव ला सकते हैं। उक्त जानकारी प्रशिक्षक प्रशांत दुबे, भोपाल ने शनिवार को रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के तकनीकी सत्र के दौरान प्रदान की।

आरडीयू मानव संसाधन विकास केंद्र में बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय पर आयोजित दो दिवसीय रिसोर्स ग्रुप ट्रेनिंग-प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' कार्यक्रम में पहले प्रशिक्षण दिवस के समस्त गतिविधियों एवं विषय संबंधी बिंदुओं पर रीकॉल कार्यक्रम रखा गया जिसमें कि प्रतिभागियों में से ही एक जिला संगठक जबलपुर डॉ. आनंद सिंह राणा ने प्रथम दिवस की समस्त गतिविधियों एवं क्रियाकलापों व प्रशिक्षण की जानकारी संक्षेप में सभा के सामने रखी। आवाज से आई आसमा खान ने बताया कि सोशल मीडिया ही ऐसा माध्यम है जो लोगों के आम जीवन का एक हिस्सा है और बाल संरक्षण व बाल अधिकार की जागरूकता के लिए युवाओं के माध्यम से एक बड़े बदलाव या क्रांति को लाने में समर्थ है और इसके माध्यम से ही यह बदलाव संभव हो पाएगा।

### विविध विषयों पर मिली जानकारी-

द्वितीय सत्र में प्रदीप सेन कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ने उपस्थित सभी जनों को सोशल मीडिया एवं आईटी सेक्टर के संबंध में विभिन्न जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी मुक्त डॉ. देवांशु गौतम ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बाल संरक्षण विषय को विस्तार से बताते हुए बताया कि हम राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधियों एवं विशेष शिविरों में एक दिवस बाल संरक्षण पर समर्पित करके बहुत बेहतर तरह से अपने शिविर का संचालन कर सकते है।

### समापन कार्यक्रम का आयोजन

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह की अध्यक्षता प्रो. अशोक कुमार मराठे व विशिष्ट अतिथि डॉ. यू.एस. परमार, जिला संगठक नरसिंहपुर डॉ. आनंद सिंह राणा जिला संगठक जबलपुर, डॉ. आरपी सिंह




जिला संगठक कटनी, डॉ. डीपी ग्वालवंशी जिला संगठक सिवनी, आवाज के डायरेक्टर प्रशांत दुबे की मौजूदगी में हुआ। कार्यक्रम में आरडीयू कुलपति प्रोफेसर कपिल देव मिश्र ने मोबाईल के माध्यम से अपना संदेश प्रेषित करते हुए सभी सहभागियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम अधिकारियों में से डॉ. अरुणा, डॉ. माधुरी गर्ग कटनी एवं राजा तिवारी ने अपने 02 दिन के प्रशिक्षण के अनुभव साझा किए। समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए एवं समूह छायाचित्र के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई संचालन डॉ. देवांशु गौतम एवं आभार प्रदर्शन प्रदीप सेन ने किया इस अवसर पर स्वयंसेवकों में अभिषेक तिवारी, अंबिका द्विवेदी एवं सुयश श्रीवास्तव भोपाल के स्वयंसेवक राहुल सेन मानव संसाधन केंद्र के राजेंद्र, अशोक, बबलू, बादू का विशेष योगदान रहा।

# ’राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करते हुए भारत के संविधान की उद्देशिका का हुआ वाचन’

भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 26 नवम्बर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर दो चरणों में वर्चुअल संवाद एवं भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के समस्त आठ जिलों के स्वयंसेवक व जिला संगठक तथा कार्यक्रम अधिकारियों ने अपनी अपनी संस्था के स्वयंसेवकों के साथ ऑनलाइन वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से आयोजित संवाद कार्यक्रम जिसका शीर्षक ‘‘संविधान की बात छात्रों के साथ’’ था मे में सहभागिता करते हुए भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया।



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

## राष्ट्रीय संविधान दिवस

के अवसर पर

# "भारतीय संविधान की उद्देशिका"

का वाचन एवं छात्रों के लिए विशेष संवाद कार्यक्रम

# "संविधान की बात-छात्रों के साथ"



अध्यक्ष एवं संरक्षक
प्रोफ. कपिल देव मिश्र
कुलपति
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)



विषय विशेषज्ञ
प्रोफ. विवेक मिश्र
अधिष्ठाता- छात्र कल्याण
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)



संयोजक
प्रोफ. अशोक कुमार मराठे
कार्यक्रम समन्वयक-एनएसएस
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)



सह संयोजक
डॉ. देवांशु गौतम
कार्यक्रम अधिकारी-एनएसएस
मुक्त इकाई, रानी दुर्गावती
विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

दिनांक - 26 नवम्बर 2020 समय - प्रातः 11:00 बजे

वर्चुअल प्लेटफार्म - Google Meet

वर्चुअल प्लेटफार्म - https://meet.google.com/gvy-dbsb-our

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने ली राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ

दो चरणों में आयोजित हुआ सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली तथा मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र के संरक्षण व प्रो. अशोक कुमार मराठे, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में मुक्त इकाई (ओपन यूनिट) एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर सहभागिता करते हुए "राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता" विषय पर पोस्टर निर्माण किए तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ ली।






**विश्वविद्यालय के गोद ग्राम में टीका उत्सव के अंतर्गत एन एस एस स्वयंसेवकों ने कराया ग्रामीण जनों का टीकाकरण**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा गोद लिए गए ग्राम देवरी पटपरा में टीका उत्सव के अंतर्गत प्रोफे. कपिल देव मिश्र कुलपति- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संरक्षण, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस प्रोफ़े. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन व ओपन यूनिट एनएसएसके के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम के नेतृत्व में हुआ।






MPHIN/2017/73816
# पद्मावती एक्सप्रेस
email- padmaavatiexpress@gmail.com
साप्ताहिक
वर्ष-3 अंक-9 जबलपुर सोमवार 07 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-8 मूल्य- 5.00 रुपये

# गांधी जयंती पर प्रभात फेरी




**जबलपुर।** भजन गाते हुए गांधी टोपी धारण कर प्रभात फेरी निकाली गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र, कुलसचिव प्रो. कमलेश मिश्र, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयकप्रो. अशोक मराठे, एनएसएस मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र, सहसंयोजक समन्वयक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ डॉ. आर. के. गुप्ता की अगुवाई में निकली प्रभात फेरी में विवि के सभी अधिकारी, कर्मचारी, प्राध्यापक, अतिथि विद्वान एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल रहे। जिसमे एन एस एस के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई औ? प्रभात फेरी को सुंदर स्वरूप दिया जिस दौरान गांधी जी की वेशभूषा में रासेयो स्वयंसेवक आशुतोष मेहरा थे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अंबिका द्विवेदी, ऋतु पटेल, आयुषी दहिया, आस्था बैस, साक्षी सोनिया, समीक्षा मिश्रा, निखिल अग्रवाल, अरविंद लोधी, सुयश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन, अमित शिवहरे, सुनील सिंह, प्रशांत कुमार चापेकर, आजाद चक्रवर्ती, राघवेंद्र चौधरी, रोशन प्रजापति, हेमंत गुप्ता, सतीश मोगरे, नीलेश प्रजापति, कनक सोनी, सौरभ पटेल, गौतम चौहान आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**Facebook link of NSS, Rani Durgavati University, Jabalpur**

**Link**

https://www.facebook.com/NSSRDVVJBP/